CAREERINDIA

# CCE PF
# CCE PR

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H** ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

**Code No. : 85-H Subject : SOCIAL SCIENCE**

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh + Private Repeater )**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 57 प्रश्न हैं ।

ii) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से अक्षर के साथ लिखना है ।

iii) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

iv) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

vi) बहुविकल्पीय एवं जोड़े मिलाना प्रश्नों के मामले में रगड़ने / दोबारा लिखने / चिह्नित करने की अनुमति नहीं है, ऐसे में मूल्यांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा ।

vii) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

viii) दाहिनी तरफ हाशिए में जो जगह छोड़ी गयी है उसमें कुछ मत लिखिए ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



I. नीचे दिए प्रत्येक प्रश्न / अपूर्ण वाक्यांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक सही अथवा सर्वथा उपयुक्त है । सही विकल्प का चयन करते हुए उसे प्रश्न के नीचे प्रदत्त निर्धारित स्थान पर पूर्ण रूप से संकेताक्षर सहित लिखें । $10 \times 1 = 10$

1. 1935 का भारत सरकार अधिनियम को महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में सोचा गया, क्योंकि यह

   (A) प्रान्तों में द्विसदनात्मक सरकार को प्रस्तुत किया

   (B) बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल की नियुक्ति की गयी

   (C) धर्म पर आधारित पृथक निर्वाचन चुनाव क्षेत्र बनाया

   (D) देश में संघीय संरचना का निर्माण किया ।

2. **समूह - A** में सामाजिक सुधारकों की सूची तथा **समूह - B** में उनके कार्य दिये गये हैं । समूह की पहचान कर मिलान करें :

| | **समूह - A** | | **समूह - B** |
|---|---|---|---|
| (a) | राममोहन राय | (i) | गुलामगिरी |
| (b) | दयानन्द सरस्वती | (ii) | संवाद कौमुदी |
| (c) | ज्योतिबा फूले | (iii) | न्यू इण्डिया |
| (d) | एनी बेसेन्ट | (iv) | सत्यार्थ प्रकाश । |

| | *a* | *b* | *c* | *d* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | iv | i | iii | ii. |

3. कर्नाटक सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए कार्यक्रम कार्यान्वित किया गया है

   (A) लोक आयुक्त

   (B) स्त्री शक्ति

   (C) साक्षर भारत

   (D) परिवार नियोजन कार्यक्रम ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



4. विश्व संस्था के इतिहास में 10 दिसम्बर, 1948 एक महत्वपूर्ण दिवस है, क्योंकि इसी दिन

   (A) मानव अधिकारों को घोषित किया गया

   (B) विश्व संस्था की स्थापना हुई

   (C) निःशस्त्रीकरण संपन्न हुआ था

   (D) वर्ण भेद समाप्त हुआ था ।

5. हमारे संविधान का अनुच्छेद 24 विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह रोकता है

   (A) बच्चों को कोई काम में नियोजित करने से

   (B) अस्पृश्यता

   (C) दहेज

   (D) भ्रष्टाचार ।

6. चिह्नित नदी-घाटी परियोजनाओं का सही मेल है




   (A) 1 — नागार्जुन सागर, 2 — भाखरा नंगल, 3 — कोशी

   (B) 1 — भाखरा नंगल, 2 — कोशी, 3 — नागार्जुन सागर

   (C) 1 — कोशी, 2 — नागार्जुन सागर, 3 — भाखरा नंगल

   (D) 1 — नागार्जुन सागर, 2 — कोशी, 3 — भाखरा नंगल ।

7. ...................... राज्य के समुद्री तट का कटाव अत्यधिक तीव्र है ।

   (A) केरल (B) तमिलनाडु

   (C) उड़ीसा (D) पश्चिम बंगाल ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



8. भारत में आर्थिक नियोजन के जनक हैं

   (A) डॉ० एम० एस० स्वामिनाथन

   (B) डॉ० नार्मन बोरलाग

   (C) सर एम० विश्वेश्वरैया

   (D) राममोहन राय ।

9. हरित क्रान्ति सूचित करता है

   (A) खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि

   (B) मछली उत्पादन में वृद्धि

   (C) दूध उत्पादन में वृद्धि

   (D) मांस उत्पादन में वृद्धि ।

10. विप्रो टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष हैं

   (A) एकता कपूर

   (B) धीरूभाई अम्बानी

   (C) नरेश गोयल

   (D) अजीम प्रेम जी ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : 14 × 1 = 14

11. भारतीयों ने लोक इतिहास को अधिक महत्व दिया है । क्यों ?

12. स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना क्यों की ?

13. 1905 में रूस के लोग जार के विरुद्ध विद्रोह के लिए जागृत हुए । क्यों ?

14. वर्ण भेद किस प्रकार विश्व शांति तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है ?

15. अफ्रीका में वर्ण भेद के विरुद्ध कौन लड़ा था ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



16. समान मजदूरी अधिनियम क्यों पारित हुआ था ?

17. बाल श्रमिकों का पुनर्वास कल्याण कोष का आरम्भ क्यों हुआ था ?

18. ग्रीष्म काल में उत्तर भारत में तापमान अधिक क्यों रहता है ?

19. बंजार भूमि को खेती के लिए किस तरह उपयोग कर सकते हैं ?

20. भारतीय कृषक जून अथवा जुलाई माह में बीज बोते हैं तथा अक्टूबर में उपज प्राप्त करते हैं । क्यों ?

21. खनिज क्षेत्र में भू-स्खलन का कारण क्या है ?

22. लोक सभा में केन्द्र सरकार का बजट कौन प्रस्तुत करता है ?

23. किस बैंक को 'बैंकों का बैंक' कहते हैं ?

24. जिला औद्योगिक केन्द्रों की स्थापना क्यों हुई थी ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** वाक्यों में दें : $25 \times 2 = 50$

25. "समुद्र यात्रा के लिए वैज्ञानिक आविष्कार का विकास" ही कारण है । चर्चा कीजिए ।

26. 'हैदराबाद कर्नाटक' के प्रदेश कौन से हैं ?

27. पुर्तगालियों से गोआ कैसे स्वतंत्र हुआ ?

**अथवा**

शरणार्थियों की समस्या का भारत कैसे सामना किया ?

28. 'नाजी सिद्धान्त ने जर्मनी को बिगाड़ दिया ।' स्पष्ट कीजिए ।

29. कौमवाद देश की एकता में बाधा डालता है । कैसे ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



30. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोश ( IMF ) विश्व की आर्थिक समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

31. स्व-सहायक समूह से क्या तात्पर्य है?

32. भारतीय प्रायद्वीपीय पठार का अत्यधिक आर्थिक महत्व है । जाँच करें ।

33. मिट्टी का कटाव को कैसे रोक सकते हैं ?

34. सदाबहार वन तथा रेगीस्तारी वन में अंतर का उल्लेख करें ।

35. आजकल यह आवश्यक है कि औपचारिक शक्ति स्रोतों का उपयोग कम किया जाय । क्यों ?

36. सम्पर्क के महत्व का उल्लेख करें ।

37. ग्रामीणों को शहरों में स्वदेश त्याग रोकने के उपायों का उल्लेख करें ।

38. प्रति व्यक्ति आय विकास का सही मापक नहीं हो सकता है । क्यों ?

39. सार्वभौमिकता के कारण पर्यावरणीय अवक्रमण होता है । कैसे ?

40. भारत के कुछ क्रान्तिकारी नेताओं के नाम बताएँ ।

41. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत को किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

42. यूरोप को किन भारतीय उत्पादों का निर्यात किया जाता था ?

43. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किन मुख्य समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

44. भारत तथा पाकिस्तान की समस्याओं का कारण क्या है ?

45. बेरोजगारी के प्रभाव क्या हैं ?

46. भारत में कौन महत्वपूर्ण खनिज संसाधन उपलब्ध हैं ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



47. सम्पर्क के प्रकार कौन-कौन हैं ?

48. मनुष्य को अधिक समय तक जीने के कारकों का उल्लेख करें ।

49. बैंक में खाता खोलने के किन्हीं दो प्रकार के खातों का उल्लेख करें ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

50. 1857 के विद्रोह के राजनीतिक तथा आर्थिक कारणों का वर्णन करें ।

**अथवा**

शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजों द्वारा किये गये सुधारों का उल्लेख करें ।

51. विदेश नीति बनाने में प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख करें ।

**अथवा**

भारत का रूस के साथ संबंध का वर्णन करें ।

52. अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए किए गए संवैधानिक तथा वैध उपायों का वर्णन करें ।

**अथवा**

बेरोजगारी समाप्त करने के उपायों का वर्णन करें ।

53. भारत के प्रमुख बन्दरगाह कौन-कौन हैं ?

**अथवा**

किसी उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारक कौन-कौन हैं ?

54. ग्रामीण विकास के महत्व का वर्णन संक्षेप में करें ।

**अथवा**

केन्द्र सरकार के कर-रहित राजस्व के पहलुओं का उल्लेख करें ।

55. बैंक खाता खोलने के लाभों का उल्लेख करें ।

**अथवा**

जीवन बीमा के महत्व का वर्णन करें ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** वाक्यों में दीजिए : 4

56. डॉ० बी० आर० अम्बेडकर के योगदानों का वर्णन करें ।

VI. 57. भारत का नक्शा बनाकर निम्न को चिह्नित करें : 1 + 3 = 4

a) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशान्तर

b) नर्मदा नदी

c) कोरोमण्डल तट ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 57 के बदले में )**

भारत के लोगों के जीवन पर हिमालय के क्या उपयोग हैं ? 4

www.careerindia.com